IIM रांचीः आईपीएम में नामांकन के लिए आईपी मैट का स्कोर मान्य

इस बार नामांकन प्रक्रिया में किया गया है बदलाव

सिटी रिपोर्टर | रांची

आईआईएम रांची के इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (आईपीएम) सत्र 2023-28 में नामांकन के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। इच्छुक अभ्यर्थी 9 मई शाम 5 बजे तक आईआईएम रांची की वेबसाइट के जरिए आवेदन कर सकते हैं। इस बार नामांकन प्रक्रिया में बदलाव किया गया है, अब सिर्फ आईपी मैट के स्कोर के आधार पर नामांकन होगा। इसका आयोजन आईआईएम इंदौर की ओर से किया जाएगा। इससे पहले सैट स्कोर के माध्यम से भी नामांकन होता था।

आईआईएम, रांची के आईपीएम कोर्स में नामांकन के लिए 12वीं पास छात्र आवेदन कर सकेंगे। इसमें सबसे पहले आईपी मैट स्कोर के माध्यम से छात्रों को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। इसके बाद उन्हें जुलाई में पर्सनल इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा, जो रांची, मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद, बेंगलुरु या चेन्नई में आयोजित किया जाएगा। आवेदन शुल्क जेनरल, एनसी-ओबीसी और ईडब्ल्यूएस केटेगरी के लिए 2500 रुपए, एससी व एसटी कैटेगरी के लिए 1250 रुपए रखा गया है। ज्यादा जानकारी संस्थान की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते है।

आईपी मैट के लिए 17 अप्रैल तक कर सकेंगे आवेदन

इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट एप्टीट्यूट टेस्ट (आइपीमैट-23) के लिए आवेदन की प्रक्रिया जारी है। इसमें आवेदन की अंतिम तिथि 17 अप्रैल निर्धारित है। वहीं इसकी परीक्षा 16 जून को सीबीटी मोड पर आयोजित की जाएगी। दो घंटे की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक होगी। एप्टीट्यूड टेस्ट में तीन सेक्शन से सवाल पूछे जाएंगे। इसमें क्वानटेटिव एबिलिटी पर आधारित मल्टीपल च्वाइस क्वेश्चन, शॉर्ट आंसर टाइप क्वेश्चन और वर्बल एबिलिटी से एमसीक्यू पूछे जाएंगे। हर सेक्शन को हल करने के लिए विद्यार्थियों को 40-40 मिनट का समय दिया जाएगा। ज्यादा जानकारी आईआईएम इंदौर के वेबसाइट से प्राप्त कर सकेंगे।

Dainik Bhaskar, 11.04.2023, Pg. 3